हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 लापरवाही की हदः पोषण एप में 49 बच्चों की हाजिरी, आंगनबाड़ी...



09 गोरस से श्यामपुर तक 32 किमी के हिस्से में नहीं बढ़ेगी हाईवे...





रहली। लाल बाबा दुर्गा उत्सव समिति वार्ड नंबर 10 रहली ।

खबर संक्षेप

बीना में 150 कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त

सागर। सहायक आपूर्ति अधिकारी राजेश पटेल द्वारा आज 15 अक्टूबर को कृषि उपज मंडी बीना के समीप साहनी पेट्रोल पंप के सामने स्थित धर्मेंद्र अग्रवाल के गोदाम/मकान से बीपीसीएल कंपनी के 150 कमर्शियल गैस सिलेंडर जप्त किए गए। इनमें 19 किलोग्राम एवं 5 किलोग्राम के कमर्शियल गैस सिलेंडर शामिल हैं। जप्त सिलेंडरों की कुल कीमत 7 लाख 81 हजार 500 रुपए है। उक्त सिलेंडर सर्वश्रेष्ठ गैस एजेंसी, सागर से मेसर्स अग्रवाल ट्रेडर्स द्वारा मंगाए गए थे। इन्हें बीना रिफाइनरी में वितरित किया जाना बताया जा रहा था। मामले में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के तहत प्रकरण निर्मित किया गया है।

निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

सागर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, भोपाल की अध्यक्षता में वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवीन, भावी और एसआइआर-2026 के दौरान छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान प्राप्त फॉर्म-6 एवं जोड़े गए नवीन मतदाताओं की संख्या की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि यह विशेष अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। वीसी में बताया गया कि विशेष अभियान के तहत शिविर के माध्यम से सागर जिले में 8137 नवीन मतदाताओं हेतु फॉर्म-6 प्राप्त हुए हैं, जिनमें 589 फॉर्म-6 ऐसे मतदाताओं के भी हैं जो 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर पात्र होंगे। वीसी में सागर कलेक्टर ऑफिस के एनआईसी कक्ष से अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर रवीश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया सिविल अस्पताल खुरई का आकस्मिक निरीक्षण

खुरई। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आज खुरई स्थित सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएमएचओ डॉ. देवेश पटेरिया से अस्पताल भवन, स्टाफ की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम खुरई श्री सतीश वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर पाल ने अस्पताल की ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, किडनी केयर डायलिसिस यूनिट एवं मैटरनिटी विंग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं उन्होंने ओटी रूम फंक्शनल करने और सर्जिकल केसेस (सी - सेक्शन डिलीवरी) के लिए बीना के स्त्री रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर अस्पताल में मिल रहे उपचार, दवाओं की उपलब्धता एवं स्टाफ के व्यवहार के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने एएनसी कक्ष में पहुंचकर गर्भवती महिलाओं के पंजीयन पंजी का अवलोकन किया एवं उपस्थित चिकित्सक से प्रथम एएनसी जांच के दौरान की जाने वाली हीमोग्लोबिन, बीपी, वजन सहित अन्य जांचों एवं परामर्श के बारे में जानकारी ली। साथ ही आपातकालीन कक्ष की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अस्पताल में चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित हो।

कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं, 7 दिन में निराकरण के दिए निर्देश

किसान उन्नत खेती अपनाएं, परिवारजनों के स्वास्थ्य का ख्याल रखें और युवाओं को नशे से दूर रखें: कलेक्टर पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर/खुरई



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत खुरई के महाकाली टीनशेड में खण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शिविर में आए हुए आमजनों से व्यक्तिगत रूप से आवेदन लिए, उनसे चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर पाल ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों एवं आमजन से उनकी शिकायतों और योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन लेना तथा उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर में आए आवेदनों पर शीघ्रता से कार्यवाही की जाएगी, जो आवेदन त्वरित निराकृत हो सकते हैं उनका निराकरण आज ही किया जाएगा एवं अन्य आवेदनों के लिए 7 दिवस की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

कलेक्टर पाल ने हनौती सिंचाई परियोजना के शेष प्रभावितों को 10 दिन के भीतर मुआवजा वितरण करने के निर्देश एसडीएम खुरई सतीश वर्मा को दिए। शिविर में खाद वितरण से संबंधित आई शिकायतों पर कलेक्टर ने कहा कि किसानों को ई-टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान डीएपी खाद की जगह एनपीके सहित अन्य विकल्पों का उपयोग करें और अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए उन्नत एवं प्राकृतिक खेती अपनाएं।

कलेक्टर ने आमजन से अपील की कि वे अपने परिवार की महिलाओं, बच्चों, किशोरियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि किशोर एवं युवा हो रहे बच्चों को गलत आदतों, नशा एवं अपराध से दूर रखने हेतु रोको-टोको जैसी स्वस्थ परम्परा का पालन करें।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हितलाभ वितरण

पशुपालन एवं डेयरी विभाग सागर की डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु डेयरी योजना अंतर्गत कलेक्टर मेडम द्वारा लाभान्वित हितग्राही दिलीप यादव को विभाग द्वारा स्वीकृत 10.25 लाख की अनुदान राशि का स्वीकृत पत्र प्रदाय किया गया।

इसी प्रकार जनपद पंचायत द्वारा 07 हितग्राहियों की पेंशन, जनपद पंचायत द्वारा 07 हितग्राहियों को कर्मकार कार्ड स्वीकृत किये गये। श्रम विभाग योजना अंतर्गत जनपद पंचायत द्वारा - 3 हितग्राहियों को 2.00 लाख से जनपद पंचायत द्वारा कुल 6.00 लाख, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा - लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत 01 प्रकरण स्वीकृत, आजीविका मिशन द्वारा 22 एसएचजी अंतर्गत 52,60,000 रु. का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

उद्यमी संवाद कार्यक्रम

युवा उद्यमी विशाल कुमार अहिरवार ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। यह योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा संचालित क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नए गैर-कृषि सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। किसान अनुकूल ठाकुर ने सोयाबीन उत्पादन की ब्रॉड बेड फरो पद्धति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह सोयाबीन की बुवाई की एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें खेत में उठी हुई चौड़ी क्यारियां और नालियां बनाई जाती हैं। यह विधि अत्यधिक बारिश के समय जल निकासी को आसान बनाती है और सूखा पड़ने पर मिट्टी में नमी बनाए रखती है, जिससे पौधों की जड़ें सड़ने से बचती हैं और हवा व धूप का बेहतर संचार होता है। इस पद्धति से उन्हें पारंपरिक खेती के मुकाबले सोयाबीन की पैदावार में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी प्राप्त हुई है। प्रगतिशील किसान अमित कुमार जैन ने बताया कि उन्होंने एग्रोटेक वेजिटेबल का उत्पादन कर अच्छा लाभ अर्जित किया है।

फंदे पर लटका मिला महिला का शव मायके पक्ष ने जताया हत्या का संदेह

पति से अनबन के चलते लंबे समय से मायके में रह रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना में 32 वर्षीय महिला का शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मायके पक्ष ने महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताई है।पुलिस के अनुसार मृतका संगीता उर्फ बसंती विश्वकर्मा का विवाह करीब 12 वर्ष पूर्व पुरैना निवासी महेंद्र विश्वकर्मा से हुआ था। उसके दो बच्चे हैं। बताया गया है कि पति और ससुराल पक्ष से अनबन के चलते वह करीब नौ माह से मायके में रह रही थी। करीब 15 दिन पहले पति छोटे बेटे की बीमारी का हवाला देकर उसे ससुराल ले गया था, जिसके बाद उसका शव फंदे पर मिला।

भाई ने लगाए मारपीट के आरोप

मृतका के भाई खेमचंद विश्वकर्मा निवासी बासादेही, नया खेड़ा, नरसिंहपुर ने आरोप लगाया कि उसका पति शराब पीकर बहन के साथ मारपीट करता था।

मृतका की मां ने भी मारपीट का आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। मायके पक्ष ने पति और सास-ससुर पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद हो सकेगा।



योग एवं ध्यान से विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहने का संदेश

गढ़ाकोटा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में सेवा संकल्प अभियान, मानसिक स्वास्थ्य (एनटीएफ) एवं हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. भारती ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य की चुनौतियों के कारण विद्यार्थियों में तनाव बढ़ सकता है। नियमित योग, प्राणायाम एवं ध्यान के अभ्यास से तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और आत्मविश्वास मजबूत करने में सहायता मिलती है। हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक राकेश कुमार यादव ने विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान के महत्व की जानकारी देते हुए प्राणायाम, श्वास नियंत्रण और ध्यान की विभिन्न प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास से मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित करने में मदद मिलती है। साथ ही विद्यार्थियों को तनावपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए प्रेरित किया। तीन दिवसीय सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग एवं ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मधुलता कोरी ने किया, जबकि आभार श्रीमती भावना कबीरपंथी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्था की वॉलेंटियर ऊषा यादव एवं यश गुप्ता सहित महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



गोताखोरों ने नदी की गहराई से खोजा गुमशुदा युवक का शव, परिजनों ने जताया हत्या का संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

देवरी थाना के ग्राम मुआर से विगत दिवस गुमशुदा हुए 42 वर्षीय युवक का शव गोताखोरों द्वारा मृतक के खेत के समीप नदी से खोजा गया है, पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत गुरूवार शाम थाना अंतर्गत ग्राम मुआर निवासी दंगल पिता नन्हेभाई राजपूत द्वारा देवरी थाना पहुँचकर अपने बड़े भाई गब्बर पिता नन्हेभाई उम्र 42 वर्ष की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, उसके द्वारा पुलिस को बताया गया था कि उसका भाई दोपहर 03 बजे से लापता है एवं उनका मोबाइल बंद है। सभी स्थानों पर तलाश करने के बाद भी कोई जानकारी प्राप्त नही हुई है जिसके बाद परिजनों द्वारा पुलिस सूचना दी गई है। मामले में पुलिस द्वारा गुमइंसान कायम किया गया था।शुक्रवार दोपहर गुमशुदा के परिजन एवं ग्रामीण उसे तलाश करते हुए अपने रोजा हार स्थित खेत पहुँचे तो उन्हे खेत के समीप स्थित नदी के किनारे पर मृतक के जूते दिखाई दिये जिसके बाद उनके द्वारा नदी में गुमशुदा की तलाश की गई। परंतु का पानी गहरा होने के कारण उन्हे कोई सफलता नही मिल सकी जिसके बाद उनके द्वारा थाना पुलिस को पूरी जानकारी दी गई थी। पुलिस द्वारा मामले में गोताखोरों की मदद ली गई जिनके द्वारा नदी की गहराई से युवक का शव बरामद किया गया है। मामले में फिलहाल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र देवरी पहुँचाया गया है।

परिजनों को हत्या का संदेह पुलिस कर रही पूछताछ

मामले में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी उइके ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस सभी ऐंगिलों से जांच कर रही है, मृतक शराब पीता था एवं बेचता था उसके पास कई लोग आते थे जिसके संबंध में पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। मृतक के परिजनों द्वारा हत्या का संदेह व्यक्त किया गया है जिसको लेकर कुछ युवकों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है।

संभागायुक्त ने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय और संत रविदास मंदिर निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री जन विश्वास के तहत संभागायुक्त दिलीप कुमार ने शुक्रवार को सागर में ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय और बड़तूमा स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं देने के लिए बन रहे अतिरिक्त भवन और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जानकारी ली। उन्होंने नवीन भवन, खेल मैदान और बालक-बालिकाओं के छात्रा वासों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि विद्यालय की बढ़ती क्षमता के अनुसार सुविधाएं विकसित होना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रावासों में बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संभागायुक्त ने संत शिरोमणि रविदास मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति देखते हुए अधिकारियों को तय समय-सीमा में काम पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मंदिर सामाजिक समरसता और समानता के संदेश की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और निर्माण कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त दिलीप कुमार ने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संग्रहालय की विशेषताओं और पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक शौचालयों की संख्या बढ़ाने, पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही डॉरमेट्री, भक्त निवास, पुस्तकालय, जलपान गृह एवं सार्वजनिक शौचालय सहित पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। वर्तमान में मुख्य मंदिर का निर्माण कार्य लगभग 92 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

दशहरा पर पीटीसी ग्राउंड में होगा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

सागर। नगर निगम सागर द्वारा विजयादशमी के पावन पर्व पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 20 अक्टूबर को पीटीसी ग्राउंड में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण दहन कार्यक्रम शाम 7 बजे आयोजित होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल होंगे। कार्यक्रम से पूर्व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं, रावण दहन के साथ होने वाली आकर्षक आतिशबाजी महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगी। दशहरा महोत्सव के लिए 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले को भव्य स्वरूप देने में 10 कारीगर पिछले पांच दिनों से लगातार जुटे हुए हैं। पुतले का मजबूत ढांचा तैयार करने के लिए बांस, लकड़ी की बल्लियों, रस्सी और तार का उपयोग किया जा रहा है। इसके बाद टोकरी, कागज, कपड़े, गत्ते, फेविकोल तथा विभिन्न सजावटी सामग्रियों की मदद से पुतले को आकर्षक आकार और रूप दिया जा रहा है। कारीगर पुतले को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, ताकि विजयादशमी के अवसर पर होने वाला रावण दहन नागरिकों के लिए यादगार आकर्षण बने।



महिला परिषद की चंद्रप्रभु शाखा सदस्यों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से आत्मीय वार्तालाप की

सागर। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की श्री चंद प्रभु शाखा की सभी सदस्यों ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम सागर में निवासरत वृद्ध जनों के साथ एक शाम बिताई और उनसे अनेकों आशीर्वाद प्राप्त किये। शाखा अध्यक्ष ऋचा शाह ने बताया कुछ बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और आश्रम में रहने की वजह भी बताइए। परिवार के द्वारा दिए गए तिरस्कार और अपमान का दर्द उनकी बातों में छलक गया। शाह ने कहा कि वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों को समय देकर उनसे आत्मीय वार्तालाप करना, उनके अनुभव सुनते हुए पारिवारिक परिवेश महसूस कराना और परामर्श का आदान-प्रदान करना थैरेपी की तरह काम करता है। प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजू मगन ने कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार की रीढ़ होते हैं उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी सुनीता अरिहंत ने कहा कि माता पिता की सेवा ही सबसे बड़ा तीर्थ है। प्रांतीय संगठन मंत्री संध्या रांधेलिया ने नातिन सांची के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सभी बुजुर्गों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट की। शाखा द्वारा सभी को वस्त्र,फल वितरित किए गए, स्वल्पाहार कराया गया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष शिवानी सिंघई, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी मंजरी, चेयरपर्सन प्रीति, नीना शाह, कोषाध्यक्ष नीतू जैन उपस्थित थी। वृद्धजनों की पीड़ा को देखते हुए सभी बहनों ने शीघ्र ही उनके साथ कुछ समय बिताने का संकल्प लिया है।

कानून-व्यवस्था की चुनौती से निपटने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया अभ्यास

परेड में एसपी ने संभाली कमान, पुलिस बल की तैयारियों को परखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कानून-व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों, भीड़ नियंत्रण और बलवा जैसी स्थिति से निपटने के लिए सागर पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में बलवा परेड का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने स्वयं पुलिस बल की कमान संभालते हुए जवानों को ब्रीफ किया और परेड के माध्यम से उनकी तैयारियों, अनुशासन और समन्वय को परखा।

एसपी सुजानिया ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था से जुड़ी परिस्थितियों में संयम, अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। अभ्यास के दौरान भीड़ नियंत्रण, बलवा की स्थिति में कार्रवाई तथा पुलिस बल के बीच बेहतर तालमेल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में आयोजित परेड में नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी सहित शहर एवं देहात के थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

अप्रिय स्थिति से निपटने का अभ्यास

बलवा परेड के दौरान पुलिस बल ने विषम परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई, भीड़ को नियंत्रित करने और आपसी समन्वय के साथ काम करने का अभ्यास किया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों की प्रतिक्रिया क्षमता और अनुशासन का भी जायजा लिया। नियमित रूप से होने वाले इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रखना है। एसपी सुजानिया ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में पुलिस बल को संयम और अनुशासन के साथ प्रभावी कार्रवाई करने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए।

सागर में सेना भर्ती रैली में 8,954 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीयन

सागर। इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर में 1 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक आयोजित सेना भर्ती रैली में कुल 10,498 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। इनमें 8,954 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। भर्ती रैली में 5,863 अभ्यर्थी रन टेस्ट में सफल रहे।भर्ती रैली के दौरान पुरुष अभ्यर्थियों में से 2,097 को रैली फिट घोषित किया गया, जबकि 2,566 अभ्यर्थियों को मेडिकल रिव्यू के लिए मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया। महिला अभ्यर्थियों में 128 अभ्यर्थी रन टेस्ट में सफल रहे। उनकी रैली फिटनेस की पुष्टि मिलिट्री हॉस्पिटल, जबलपुर द्वारा की जानी है।

जिला पंचायत सीईओ ने पकड़ी बड़ी विसंगति, कार्यकर्ता को हटाने के निर्देश

लापरवाही की हद: पोषण एप में 49 बच्चों की हाजिरी, आंगनबाड़ी में मिले सिर्फ 3-4 बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और कागजी आंकड़ों के सहारे व्यवस्था चलाने की स्थिति पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ के पलेरा विकासखंड के ग्रामों में किए गए निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों की उपस्थिति और मौके पर मिली वास्तविक स्थिति में बड़ा अंतर सामने आया।

विसंगति पर जताई नाराजगी

पोषण एप पर 49 बच्चों की उपस्थिति दर्ज थी, लेकिन केंद्र पर निरीक्षण के समय केवल 3 से 4 बच्चे ही मौजूद मिले। इस गंभीर विसंगति पर नाराजगी जताते हुए जिला पंचायत सीईओ ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ ने पलेरा विकासखंड के ग्राम सुनरई एवं ग्राम पंचायत जरूआ में शासकीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण एप पर 49 बच्चों की उपस्थिति दर्ज मिली, जबकि मौके पर महज 3 से 4 बच्चे ही उपस्थित थे। डिजिटल रिकॉर्ड और वास्तविक उपस्थिति के बीच इतने बड़े अंतर ने केंद्र के संचालन एवं निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी से संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान सामने आई इस विसंगति को प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने शैक्षणिक संस्थाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संस्थाओं का संचालन निर्धारित व्यवस्था के अनुसार करने और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत खरों स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही गांव में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का भी जायजा लिया तथा उनकी प्रगति की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत शासकीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरीक्षण किए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने और पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। पोषण एप पर 49 बच्चों की उपस्थिति दर्ज होने और मौके पर केवल 3 से 4 बच्चों के मिलने का मामला इस बात को रेखांकित करता है कि सरकारी रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति का नियमित मिलान कितना जरूरी है। अब संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के विरुद्ध प्रस्तावित कार्रवाई के साथ यह भी महत्वपूर्ण होगा कि उपस्थिति में सामने आए अंतर के कारणों की जांच कर व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर की कार्यशैली का असर

फील्ड में उतरकर जिला सीईओ परख रहे विकास कार्यों की हकीकत



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

किसी जिले का प्रशासनिक मुखिया जिस कार्यशैली और कार्यसंस्कृति को अपनाता है, उसका प्रभाव अधीनस्थ अधिकारियों की कार्यप्रणाली में भी दिखाई देने लगता है। जिले में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की फील्ड में पहुंचकर जमीनी हकीकत परखने और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने की कार्यशैली का असर अब अन्य अधिकारियों की गतिविधियों में भी नजर आने लगा है। इसी क्रम में जिला पंचायत के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) विशाल धाकड़ भी कार्यालयीन कार्यों तक सीमित रहने के बजाय गांवों में पहुंचकर शासकीय संस्थाओं की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों का जायजा ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ ने पलेरा क्षेत्र के ग्राम सुनरई एवं ग्राम पंचायत जरूआ में शासकीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थाओं में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने विद्यालयों में बच्चों से संवाद किया और उन्हें पढ़ाकर उनके शैक्षणिक एवं बौद्धिक स्तर को समझने का प्रयास किया। बच्चों के बीच पहुंचकर पढ़ाने की इस पहल के माध्यम से उन्होंने शिक्षा की जमीनी स्थिति को करीब से जानने के साथ विद्यार्थियों की सीखने-समझने की क्षमता को भी परखने का प्रयास किया। विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने पलेरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरों में उप स्वास्थ्य केंद्र का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने उपलब्ध जनसुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन एवं उनके क्रियान्वयन की स्थिति देखी। इसके अलावा गांव में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की स्थिति का आकलन किया जा सके। प्रशासनिक कार्यप्रणाली में फील्ड निरीक्षण का विशेष महत्व है, क्योंकि इससे अधिकारियों को सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति समझने और सामने आने वाली कमियों को पहचानने का अवसर मिलता है। जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ द्वारा गांवों में पहुंचकर स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य सुविधाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण करना इसी दिशा में एक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

नुना में औचक निरीक्षण के दौरान खुली स्टॉक की गड़बड़ी

उचित मूल्य दुकान में 74 क्विंटल से अधिक खाद्यान्न की कमी, वसूली के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के औचक निरीक्षण में शासकीय उचित मूल्य दुकान पर खाद्यान्न के स्टॉक में बड़ी कमी सामने आई है। ग्राम पंचायत नुना स्थित उचित मूल्य दुकान में पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और मौके पर उपलब्ध खाद्यान्न की मात्रा का मिलान करने पर गेहूं, नमक और चावल की कमी पाई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित विक्रेता एवं समिति प्रबंधक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने और कमी के अनुपात में वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान दुकान में 56 क्विंटल 90 किलोग्राम गेहूं, 4 क्विंटल 18 किलोग्राम नमक और 13 क्विंटल 86 किलोग्राम चावल की कमी पाई गई। इस प्रकार तीनों खाद्य पदार्थों को मिलाकर कुल 74 क्विंटल 94 किलोग्राम खाद्यान्न की कमी सामने आई। इतनी बड़ी मात्रा में खाद्यान्न का स्टॉक कम मिलने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मामले में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दायरे में उचित मूल्य दुकान विक्रेता अमित यादव और समिति प्रबंधक सुरेश यादव शामिल हैं। उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से शासन पात्र हितग्राहियों को रियायती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध कराता है। ऐसे में स्टॉक में पाई गई कमी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न के भंडारण और वितरण व्यवस्था की निगरानी को लेकर सवाल खड़े किए हैं। हालांकि, स्टॉक में कमी के कारणों और इसके लिए जिम्मेदारी का निर्धारण नियमानुसार कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट होगा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाए। वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को स्टॉक की नियमित जांच करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचे। उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण के बाद कलेक्टर ग्राम पंचायत भवन नुना पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था और फसलों की आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त उर्वरक के चयन के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने ग्रामीणों से उनकी कठिनाइयों के बारे में चर्चा की और संबंधित अधिकारियों से समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। आमजन से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण किया जाए और जनहित की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए। नुना की उचित मूल्य दुकान में सामने आई खाद्यान्न की कमी के बाद अब संबंधित विक्रेता और समिति प्रबंधक के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई पर नजर रहेगी। साथ ही यह भी महत्वपूर्ण होगा कि स्टॉक में कमी के कारणों का पता लगाकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए।

डेली रूटीन चार्ट से बच्चों को सिखाया समय का महत्व

पलेरा। बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने, समय का सदुपयोग सिखाने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से लिटिल फ्लावर हाई स्कूल में एक रचनात्मक पहल की गई है। विद्यालय के प्राचार्य एमिनल जॉन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों से प्रिंटिंग के माध्यम से उनकी दैनिक दिनचर्या (डेली रूटीन) का चार्ट तैयार करवाया जा रहा है। इस गतिविधि के जरिए बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद और अन्य जरूरी कार्यों के लिए समय निर्धारित करने तथा नियमित दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में कक्षा छठवीं के छात्र अजहर राईन ने भी अपना डेली रूटीन चार्ट तैयार किया। विद्यालय में आयोजित इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समय प्रबंधन की आदत विकसित करना और उन्हें अपने दैनिक कार्यों के प्रति जिम्मेदार बनाना है। अक्सर बच्चे पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों के बीच समय का उचित तालमेल नहीं बना पाते। ऐसे में डेली रूटीन चार्ट उनके लिए उपयोगी साबित हो सकता है। इसके माध्यम से विद्यार्थी दिनभर की गतिविधियों के लिए समय निर्धारित कर सकते हैं और अपनी पढ़ाई को अधिक व्यवस्थित बना सकते हैं।



प्राचार्य एमिनल जॉन की इस पहल के तहत विद्यार्थियों को अपने विचारों और रचनात्मकता के माध्यम से दिनचर्या तैयार करने का अवसर दिया जा रहा है। जो विद्यार्थी सबसे अच्छा डेली रूटीन चार्ट बनाकर लाएंगे, उन्हें उसे प्रस्तुत करने का अवसर भी मिलेगा। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ अन्य बच्चों से सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय के विद्यार्थियों का कहना है कि प्राचार्य द्वारा समय-समय पर इस तरह की रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इन गतिविधियों से उन्हें नई चीजें सीखने का अवसर मिलता है और पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि बढ़ती है। विद्यार्थियों के अनुसार, इस तरह के प्रयास उन्हें अनुशासन में रहने और अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं, विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की है। उनका मानना है कि बच्चों को छोटी उम्र से ही समय का महत्व समझाना जरूरी है। यदि बच्चे अपना डेली रूटीन चार्ट घर में ऐसी जगह लगाएं, जहां उनकी नजर प्रतिदिन पड़े, तो वे अपनी दिनचर्या के अनुसार पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों के लिए समय निर्धारित कर सकेंगे। इससे उनमें नियमितता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होने में मदद मिलेगी। विद्यालय की यह पहल बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय उनके व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और व्यावहारिक जीवन कौशल को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

बड़ागांव-टीकमगढ़ रोड से सुधा सागर रोड बाईपास की ओर जाता दिखा वाहन

बेजुबान पर बेरहमी, गाड़ी के पीछे बांधकर गाय को घसीटने का वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

इंसानियत और मानवता को झकझोर देने वाला एक मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कथित तौर पर एक गाय को गाड़ी के पीछे बांधकर सड़क पर घसीटते हुए ले जाते देखा जा रहा है। बेजुबान पशु के साथ इस तरह की क्रूरता का दृश्य सामने आने के बाद लोगों में दुख और आक्रोश का माहौल है। हालांकि, वीडियो की सत्यता और घटना की पूरी परिस्थितियों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो में एक वाहन बड़ागांवझटीकमगढ़ रोड से सुधा सागर रोड बाईपास की ओर जाता हुआ दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। वीडियो में गाय को वाहन के पीछे बांधकर ले जाने का दृश्य नजर आने की बात कही जा रही है। यदि वीडियो में दिखाई दे रहा घटनाक्रम सही पाया जाता है, तो यह बेजुबान पशु के प्रति अमानवीय व्यवहार का गंभीर मामला हो सकता है। गाय को भारतीय समाज में विशेष सम्मान दिया जाता है। ऐसे में किसी पशु को वाहन के पीछे बांधकर सड़क पर घसीटने का दृश्य लोगों को विचलित कर रहा है। पशु भी दर्द, चोट और पीड़ा महसूस करते हैं। उनकी असहायता का फायदा उठाकर उनके साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करना न केवल मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है, बल्कि पशु संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों के तहत भी जांच का विषय बन सकता है। वीडियो सामने आने के बाद अब इस मामले में पुलिस और प्रशासन से जांच की मांग उठ रही है। लोगों की मांग है कि वायरल वीडियो की सत्यता की पड़ताल कर उसमें दिखाई दे रहे वाहन की पहचान की जाए। साथ ही यह पता लगाया जाए कि गाय को इस तरह वाहन के पीछे बांधकर ले जाने की परिस्थितियां क्या थीं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। यदि जांच में पशु के साथ क्रूरता किए जाने की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। यह मामला बेजुबान पशुओं की सुरक्षा और उनके प्रति मानवीय व्यवहार की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े करता है। पशु अपनी पीड़ा शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उनके साथ मनमाना व्यवहार किया जाए। अब देखना होगा कि पुलिस और प्रशासन इस वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच करते हैं या नहीं और यदि पशु क्रूरता की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

जुड़ावन में तहसीलदार और कृषि विभाग की संयुक्त टीम की छापेमारी

किसान के घर में खाद का भंडार, 61 बोरी डीएपी-यूरिया जब्त

खाद के मालिकाना हक और भंडारण के उद्देश्य की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में खाद के अवैध भंडारण और संभावित कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर तहसीलदार और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम जुड़ावन में एक किसान के घर छापेमारी कर 61 बोरी खाद जब्त की। जब्त खाद में 28 बोरी डीएपी और 33 बोरी यूरिया शामिल हैं। इतनी बड़ी मात्रा में खाद मिलने के बाद प्रशासन ने उसके वास्तविक स्वामित्व, भंडारण के उद्देश्य और नियमों के पालन को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जुड़ावन गांव में खाद के भंडारण की सूचना पर प्रशासनिक और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने संबंधित स्थान पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान मुल्ला पिता गट्टू चढ़ार के घर से खाद का भंडार मिला। अधिकारियों ने मौके पर खाद जब्त कर पंचनामा तैयार किया और संबंधित व्यक्ति के बयान दर्ज किए। कार्रवाई के दौरान खाद की कुल 61 बोरियां बरामद हुईं, जिनमें डीएपी की 28 और यूरिया की 33 बोरियां शामिल हैं। पूछताछ के दौरान मुल्ला चढ़ार ने अधिकारियों को बताया कि उसके घर से मिली खाद गजेंद्र रजक नामक व्यक्ति की है। इसके बाद प्रशासन ने खाद के वास्तविक मालिक का पता लगाने के साथ यह भी जांच शुरू कर दी है कि इतनी बड़ी मात्रा में खाद किस उद्देश्य से एकत्रित की गई थी। फिलहाल खाद के भंडारण के पीछे के कारणों और इसमें किसी प्रकार के नियम उल्लंघन की पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन का कहना है कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर और कृषि विस्तार अधिकारी कृष्ण प्रताप अहिरवार की मौजूदगी में की गई। कृषि विस्तार अधिकारी के अनुसार, खाद जब्त करने के साथ संबंधित लोगों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। मामले की जांच जारी है और जांच में दोषी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। तहसीलदार ने पूरी कार्रवाई की जानकारी कलेक्टर को भी दे दी है। जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था के बीच बड़ी मात्रा में खाद का एक स्थान पर मिलना प्रशासन के लिए जांच का विषय बन गया है। अब जांच के दौरान यह स्पष्ट होगा कि खाद किसकी है, इसे किस उद्देश्य से रखा गया था और इसके भंडारण में निर्धारित नियमों का उल्लंघन हुआ है या नहीं। जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी।

जंक फूड से बिगड़ रही बच्चों की सेहत विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



बच्चों में जंक फूड और फास्ट फूड के बढ़ते चलन के बीच स्वस्थ खानपान की आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलेरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार के महत्व, खाद्य सुरक्षा और अस्वस्थ खानपान से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को संतुलित भोजन अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत ने बताया कि वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं के बीच जंक फूड और फास्ट फूड के सेवन का चलन तेजी से बढ़ रहा है। स्वाद के आकर्षण में बच्चे ऐसे खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन करने लगे हैं, जो उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

असंतुलित खानपान से बच्चों के शारीरिक विकास पर असर पड़ने के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूक करने और खानपान की आदतों में सुधार लाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीकमगढ़ से पहुंचे खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष जैन, बुंदेलखंड दुग्ध संघ के मैनेजर रोहित नामदेव एवं सुपरवाइजर पराग सोनी ने विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, सुरक्षित खानपान और पौष्टिक आहार की उपयोगिता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को समझाया कि स्वस्थ रहने के लिए भोजन की गुणवत्ता और संतुलित आहार का विशेष महत्व है। खानपान में लापरवाही से बचते हुए पौष्टिक खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भोजन के प्रति जागरूकता विकसित करना और उन्हें स्वास्थ्य के अनुकूल खानपान अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

हैकर्स साबित कर रहे कितने बुलंद हैं उनके हौसले

कलेक्टरों की हैक हो रही आईडी कोरे गाल बजा रही साइबर सेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक और तो पुलिस विभाग लोगों को साइबर फ्रॉड से सचेत करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसके तहत स्कूल-कॉलेजों में पुलिस अफसर कार्यशालाएं आयोजित कर स्टूडेंट्स को साइबर अपराध से बचने का पाठ पढ़ाते ही रहते हैं समाचार पत्रों और टीवी चैनलों के माध्यम से लोगों को साइबर ठगी से बचने और ठगी होने की जानकारी तत्काल एसपी ऑफिस में स्थित साइबर शाखा में देने सीख देते हुए दावा किया जाता है कि शिकायत के बाद साइबर शाखा की टीम तत्काल कार्रवाई कर साइबर अपराधी को दबोचने का काम कर सकती है लेकिन दूसरी और जिले में हैकर्स के हौसले कितने बुलंद हैं इसका अंदाजा इससे लग जाता है कि पहले तत्कालीन कलेक्टर अर्पित वर्मा की और अब कलेक्टर शीला दाहिमा की फेसबुक आईडी हैक कर साइबर अपराधियों ने प्रशासन को खुली चुनौती दी है।

दरअसल कलेक्टर श्योपुर शीला दाहिमा की फेसबुक आईडी किसी हैकर्स ने हैक कर ली और कलेक्ट्रेट में पदस्थ बाबूओ अधिकारियों से पैसो की डिमांग की जाने लगी। सोशल मीडिया पर अति आवश्यक काम बताने और घर से बाहर होने की



परेशानी बताते हुए बैंक अकाउंट में पैसे डलवाने के बात की जाने लगी, हालांकि पढ़े-लिखे लोगों ने इस साइबर अपराध को तत्काल पहचान भी लिया और पैसे डालने के बजाय जानकारी कलेक्टर तक पहुंचा दी पर सूत्रों की माने तो कुछ लोग शायद इस मामले में बेवकूफ बनकर लुट भी गए लेकिन वह अपने साथ हुई लूट की खबर यह सोचकर पी गए कि बात फैलने से वह खुद को बेवकूफ साबित करना नहीं चाहते थे इसलिए चुप ही हैं। प्रश्न यह उठ रहा है कि जब जिले में साइबर शाखा स्थापित है तो वह यह पता क्यों नहीं लग पा रहा क्या आखिर दो-दो कलेक्टर की फेसबुक आईडी किसने हैक कर ली और जब कलेक्टर स्तर के अधिकारियों से साइबर ठगी हो सकती है तो फिर आम जान की क्या औकात है। अपनी आईडी हैक होने की सूचना कलेक्टर शीला दाहिमा ने सोशल मीडिया पर खुद देते हुए लोगों से उनके नाम का उपयोग कर की जाने वाली संभावित ठगी से रोकने की अपील की गई है।

खोया पाया मोबाइल लौटाने को उपलब्धि मान रही पुलिस

श्योपुर जिले में साइबर सेल कितना एक्टिव है इसकी बानगी समय-समय पर तब देखने को मिलती है जब लोगों को उनके खोए मोबाइल ढेकर फोटो समाचार पत्रों में प्रदर्शित किए जाते है। सैकड़ो की संख्या में पुलिस लोगों के वो मोबाइल लौटा चुकी हैं जो कहीं गिर गए थे। खास बात यह है कि इनमें से एक भी मोबाइल चोरी गया हुआ नहीं होता है सभी मोबाइल कहीं न कहीं गुम हो जाने और किसी को मिल जाने की वजह से पुलिस के पास आते हैं। अथवा साइबर शाखा लोकेशन को ट्रेस कर खोया हुआ मोबाइल उठा लाती है और फिर संबंधित मोबाइल मालिक को बुलाकर दे भी देती है। बस यही एक सफलता की कहानी है जिसे पुलिस प्रशासन बड़ा चढ़ा कर प्रदर्शित करता ही रहता है।

खुद को इस फ्रॉड से कैसे बचाएं?

तुरंत फोन करके पुष्टि करें, किसी भी परिचित या सेलिब्रिटी के नाम पर पैसे भेजने से पहले उन्हें सीधे उनके पर्सनल नंबर पर फोन करें और सच्चाई जानें।

लिंक्स पर क्लिक न करें, मैसेंजर पर आए किसी भी अनजान लिंक या वेबसाइट पर जाकर अपनी बैंकिंग डिटेल या ओटीपी दर्ज न करें।

यदि आपको कोई फर्जी आईडी दिखती है या उससे मैसेज आता है, तो फेसबुक पर जाकर Find support or report विकल्प के जरिए उसे तुरंत रिपोर्ट करें।

ऐसे मामलों में भारत में पहचान की चोरी और धोखाधड़ी के तहत साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

इनका कहना...

फिलहाल इस तरह की कोई शिकायत पुलिस तक नहीं पहुंची है। मगर ऐसा कुछ हुआ है तो यह गंभीर मामला है। इस संबंध में पुलिस के पास के शिकायत आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की घटनाओ से बचने के लिए लोगो को जागरुक रहने की जरूरत है।

विजय सिंह तोमर
डीएसपी हेडक्वार्टर श्योपुर

प्रेम प्रसंग के चलते उठाया कदम, डायल 112 ने कराया अस्पताल में भर्ती

पाली पुल से युवक ने चंबल नदी में लगाई छलांग,नाविकों ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चंबल नदी के पाली पुल से शुक्रवार की दोपहर को एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी। युवक को नदी में कूदते हुए चंबल नदी में नाव चला रहे नाविको ने देख लिया और तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकाल दिया और पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। पुलिस ने युवक को डायल 112 की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल करा दिया है। युवक की हालत ठीक बताई गई है। मगर उसके द्वारायह कदम प्रेम प्रसंग के चलते उठाए जाने की बात सामने आई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर श्योपुर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी रौनक राठौर (22) पिता रामराज राठौर गुरुवार दोपहर करीब सवा दो बजे चंबल नदी के पाली पुल पर पहुंच गया और वहां से उसने चंबल नदी में छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि युवक



ने प्रेम प्रसंग के चलते यह कदम उठाया। युवक को नदी छलांग लगाते हुए चंबल नदी में वोट चला रहे नाविको ने देख लिया और उन्होने बिना देर किए तत्परता दिखाते हुए वोट को युवक के पास ले जाकर नदी से सुरक्षित निकालकर वोट में बैठा लिया। समय रहते युवक को नदी से बाहर निकाल लिए जाने पर उसकी जान बच गई। यदि उसे बचाने में थोडी देर हो जाती तो युवक की जान जाना तय थी। युवक को नदी से निकालने के बाद इलाज के लिए पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है। इस मामले में सामरसा चैकी पुलिस कार्रवाई में जुट गई है और इस बात का पता लगा रही है कि युवक के द्वारा किन परिस्थितियों में नदी में छलांग लगाई और इसके पीछे प्रेम प्रसंग से जुड़ा क्या मामला रहा है। बता दे कि नदी में कूदने वाला युवक रौनक राठौर मेवाडा गांव निवासी है, लेकिन वर्तमान में श्योपुर के वार्ड क्रमांक 15 में रहता है।

इनका कहना..

एक युवक ने पाली पुल से चंबल नदी में छलांग लगा दी,जिसे सुरक्षित नदी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचा दिया गया है। फिलहाल युवक की हालत ठीक है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

रामबिहारी सिंह परमार
चौकी प्रभारी सामरसा

25 लाख से होगा सौंदर्यीकरण, नपाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

दार्शनिक स्थल के रूप में परिवर्तित होगा बंजारा डैम का हनुमान मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पर्यटक स्थल बंजारा डेम पर स्थित हनुमान मंदिर दार्शनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। इस मंदिर से धार्मिक आस्थाएं तो लोगों से जुड़ी हुई हैं। साथ ही जीर्णोद्धार के बाद मंदिर पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित हो जाएगा। इसके लिए नगर पालिका द्वारा निर्माण पर कार्य किए जाने वाले 25 लाख रुपए कार्य का भूमि पूजन शुक्रवार को नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने किया।

बंजारा डैम वैसे ही पर्यटक स्थल के रूप में विकसित है और जो हनुमान मंदिर बना हुआ है वह नदी के बीचों बीच स्थित है। जब नदी



उफान पर आती है तो मंदिर से खड़े होकर देखने का आनंद ही अलग होता है नदी के बीचो बीच बने इस मंदिर की लोकेशन ऐसी है कि इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता था। नगर पालिका इस उद्देश्य के चलते यहां जीर्णोद्धार कर रही है। इसका भूमि पूजन नपाध्यक्ष ने शुक्रवार को किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, निर्माण समिति चेयरमेन प्रतिनिधि ओपी सिकरवार निकाय पार्षदगण विष्णु पाराशर, जुगल मेहरा, पार्षद प्रतिनिधि रोहित गौत्तम टोनू वरिष्ठ पार्षद गुलाब राजोरिया आदि उपस्थित रहे।

बालिकाओं को दी अपराधी को पहचानने और अपराध से बचने की सीख



श्योपुर। महात्मा गांधी आश्रम श्योपुर पर शुक्रवार को एक संवाद का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं को अपराधी की पहचान करने और अपराध से बचने के टिप्स देने के साथ साथ पॉश व पोस्को एक्ट के बारे में विस्तार से समझया गया। महात्मा गांधी सेवा आश्रम श्योपुर के डारेक्टर एवं बालिका शिक्षा के एडवाइजर समाज सेवी जयसिंह जादौन ने सभी युवा शिक्षिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि हम सब बहने कहीं ना कहीं अपने घर से काम के लिए बाहर जाते हैं। जहां अपराध होने की संभावना बनी रहती है हम अपराधियों को उनकी नजरों से पहचाने अगर वह हमें टारगेट लगातार टारगेट कर रहे हैं या स्पर्श करने की कोशिश कर रहे हैं तो उनकी भावनाओं से तत्काल दूर हो और इसकी सूचना जो भी नजदीक हो दें और चुप न रहे प्रतीकार जरुर करें। महिलाओं के साथ हिंसा न हो उसके लिए बहुत सारे कानून बने हैं अज्ञानतावश हम बहुत सारी बातों को अनदेखी करते हैं जिससे कि वह बड़ी घटना का रूप ले लेते हैं । हमको स्वयं की रक्षा तो करनी है साथ के साथ गांव-गांव में हमारी बेटीयो की रक्षा भी करनी है इसलिए हमे बिशाखा गाइड लाइन की पूरी जानकारी होनी चाहिए तथा संवैधानिक मूल्यों के साथ-साथ भारत सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 लागू किया है। इसे संक्षेप में पॉस अधिनियम तथा पोक्सो एक्ट और गुड टच वेड टच के बारे में विस्तृत रूप से बालिकाओं ब महिलाओं को बताना है कोमल फ़िल्मि दिखना है जिसमे इसमें कार्टून के द्वारा बताया गया है जो बच्चों को जल्दी समझ मे आता है ताकि वह किसी की शिकार ना हो सके और अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से महिलाओं की सुरक्षा के लिए, भारत सरकार ने कानून बनाया गया है। कार्यक्रम में सुमनलता श्रीवास्तव संगीता भारद्वाज रामा सेन गायत्री सेन शालू गोयल प्रियंका सगर वर्षा फूलों के सहित 23 महिलाएं एवम युवतियां उपस्थित रही।

नेशनल हाईवे 552 पर जयपुर से माधोका डेरा लौटते समय हुआ हादसा

दांतरदा के पास ट्रैक्टर से भिड़ी बाइक एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र में सामरसा चौकी क्षेत्र स्थित नेशनल हाइवे 552 पर दांतरदा के पास बीती को एक सडक हादसा तब घटित हो गया,जब एक बाइक सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भिड गई। इस हादसे के दौरान बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसके साथ बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में सामरसा चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



सामरसा चौकी प्रभारी राम बिहारी सिंह परमार ने बताया कि ढोढर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम माधो का डेरा निवासी सोनू उर्फ अजय बैरवा 25 वर्ष पुत्र घनश्याम बैरवा गुरूवार को बाइक पर सवार होकर जयपुर से अपने गांव के लिए लौट रहा था, बाइक पर उसके साथ उसके ही परिवार का रवि बैरवा भी सवार था। रात सवा आठ बजे के आसपास इनकी बाइक सामरसा से आगे दांतरदा के पास एक ट्रैक्टर से भिड गई। इस हादसे के दौरान सोनू उर्फ अजय बैरवा की मौत हो गई। जबकि रवि बैरवा घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भेजा गया। जहां से उसे रैफर कर दिया गया है। चौकी प्रभारी परमार ने बताया कि शुक्रवार को पीएम के बाद शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया और एक्सीडेंट का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

बच्चों ने बनाई आकर्षक कलाकृतियां, कलेक्टर ने सराहा

श्योपुर। क्रियेटिव श्योपुर पहल के अंतर्गत बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मिट्टी के दिये का पुर्न उपयोग कर आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई। कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा सांदीपनी विद्यालय श्योपुर एवं शासकीय श्री हजारेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में इन कलाकृतियां का अवलोकन किया गया तथा विद्यार्थियों के इस रचनात्मक कार्य की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन, सहायक संचालक शुभम अग्निहोत्री सहित विद्यालयों के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



बिजली समस्याओं का त्वरित किया जाए समाधान:मंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर नगर में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किए जाने के उद्देश्य को लेकर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने बिजली कंपनी श्योपुर के महाप्रबंधक विनोद भदौरिया से मुलाकात की और उन्हें पत्र सौंपकर नगर की बिजली समस्याओं का त्वरित समाधान किए जाने की आवश्यकता जताई।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मंगल ने महाप्रबंधक को सौपे पत्र में नगर में उत्पन्न ओवर लोडिंग और लो वोल्टेज की बिजली समस्या तथा नगर के कई वार्डो में हादसों की आशंका को जन्म दे रहे झुके बिजली खंबो, कई वार्डो में बिजली केबल जर्जर हो जाने, की स्थिति बताई,साथही ओवरलोडिंग एवं लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान हेतु डीटीआर की क्षमता वृद्धि, डीटीआर के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से तार फेंसिंग, नवीन विद्युत पोल स्थापित करने तथा आवश्यक स्थानों पर विद्युत



केबल डलवाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर प्रभावी कार्रवाई किए जाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि नगर की विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित समस्याओं का समयबद्ध निराकरण आवश्यक है।

एनएच 552 निर्माण के दूसरे चरण में चीता कॉरिडोर के कारण आई तकनीकी बाधा

गोरस से श्यामपुर तक 32 किमी के हिस्से में नहीं बढ़ेगी हाईवे चौड़ाई, सिर्फ होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले में नेशनल हाइवे 552 के निर्माण के प्रथम चरण के तहत पाली पुल से गोरस तक नेशनल हाइवे का काम पूरा हो चुका है और दूसरे चरण के तहत गोरस से श्यामपुर तक 63.4 किलोमीटर लंबे हाइवे का निर्माण किया जाएगा। लेकिन गोरस से श्यामपुर तक दूसरे चरण में होने वाले हाइवे निर्माण कार्य के दौरान चीता कॉरिडोर के कारण तकनीकी बाधाएं आई। इस तकनीकी बाधा के चलते एनएच द्वारा वन मंत्रालय से चीता कॉरिडोर में हाइवे निर्माण किए जाने की अनुमति मांगी गई। लेकिन वन मंत्रालय से चीता कॉरिडोर एरिया में हाइवे निर्माण किए जाने की अनुमति नहीं मिल पाई। जिसकारण वन विभाग के द्वारा चीता कॉरिडोर क्षेत्र में हाइवे का निर्माण कार्य किए जाने पर रोक लगा दी गई है। इस रोक के चलते एनएच द्वारा गोरस श्यामपुर के बीच आने वाले 32 किलोमीटर के चीता कॉरिडोर एरिया में हाइवे निर्माण का कार्य छोडकर शेष हिस्से



गोरस से कर्राई के बीच शुरू कराया डामरीकरण

विभागीय अधिकारियों की माने तो जहां श्यामपुर से ओछापुरा तक हाइवे की चौडाई बढाए जाने का काम किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ गोरस से कर्राई गांव के बीच पुल पुलियाओ का निर्माण किए जाने और हाइवे की चौडाई बढाने, गिट्टी बिछाने का काम पूरा किए जाने के बाद अब डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि गोरस से कर्राई गांव तक डामरीकरण का कार्य शीघ्र की कंपलीट कर लिया जाएगा।

में हाइवे का निर्माण शुरू कर दिया गया है।

विभागीय अधिकारियों की माने तो आगामी दिनों में भी चीता कॉरिडोर क्षेत्र में हाइवे का निर्माण किए जाने की अनुमति वन मंत्रालय से जल्द मिलने की कोई संभावना फिलहाल नहीं दिख रही है। इसलिए ओछापुरा गांव से करई गांव के बीच छोडे गए चीता कॉरिडोर के 32 किलोमीटर के क्षेत्र में किसी तरह का कोई निर्माण कार्य न करते हुए सिर्फ डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। ताकि इस सडक से गुजरने

श्यामपुर से ओछापुरा तक हो रहा चौड़ाई बढ़ाने का काम



चीता कॉरिडोर के कारण आए अडंगे के कारण इस हाइवे का निर्माण पूरा होने में देरी हो रही है। बताया जा रहा है कि निर्माण कंपनी अब इस हाइवे पर चीता कॉरिडोर क्षेत्र को छोडकर करीब 31.4 किलोमीटर के हिस्से में हाइवे का निर्माण करने में जुट गई है। विभागीय अधिकारियों की माने तो श्यामपुर से ओछापुरा तक वर्तमान में हाइवे की चौडाई बढाए जाने का काम चल रहा है। चौडाई बढाए जाने का काम पूरा होने के बाद गिट्टी बिछाने और फिर डामरीकरण किए जाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

वाले वाहन चालको को असुविधाएं न उठानी पडे। यहां बता दें कि दूसरे चरण के तहत गोरस से श्यामपुर तक टू लेन हाइवे का निर्माण किए जाने के लिए करीब 400 करोड रूपए की स्वीकृति दी गई है। इस हाइवे का निर्माण किए जाने का काम त्रिपात्रा सडक निर्माण कंपनी के पास है। सडक निर्माण कंपनी ने चीता कॉरिडोर क्षेत्र को छोडकर शेष हिस्से में हाइवे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

इनका कहना..

गोरस से कर्राई के बीच डामरीकरण किए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं ओछापुरा से श्यामपुर तक हाइवे की चौडाई बढ़ाए जाने का काम चल रहा है। चीता कॉरिडोर क्षेत्र में कोई निर्माण न करते हुए सिर्फ डामरीकरण ही किया जाएगा।

विजय अवस्थी
उपयंत्री नेशनल हाईवे

सीएम ने सराही ह्यूमन रंगोली सोशल मीडिया पर किया ट्विट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गुरूवार को ढेगदा स्टेडियम पर महिलाओं द्वारा बनाई गई चीता मुखी की ह्यूमन रंगोली को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सराहते हुए उसे सोशल मीडिया पर डालकर ट्वीट किया है। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री द्वारा इस ह्यूमन रंगोली को डालकर ट्वीट करने से उन महिलाओं के भी हसले बुलंद हुए हैं जिन्होंने अथक मेहनत से इस रंगोली को बनाया था जिसमें एक हजार से अधिक महिलाओं ने खड़े होकर बनाया था।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ट्विट करते हुए लिखा कि प्रोजेक्ट चीता के 4 वर्ष पूर्ण होने पर श्योपुर



में 1,000 से अधिक महिलाओं एवं छात्राओं द्वारा ह्यूमन रंगोली के माध्यम से भारतीय मादा चीता 'मुखी' की विशाल प्रतिकृति बनाना अद्भुत और प्रेरणादायी है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति की यह अनूठी पहल वन्यजीव संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और जनभागीदारी का प्रतीक है। आइए, हम सभी प्रकृति एवं वन्यजीवों के संरक्षण का संकल्प लें।

विधायक ने जूस पिलाकर खत्म कराई भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में विद्यार्थियों की 8 सूत्रीय मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे छात्र नेता एवं विधायक प्रतिनिधि अभिषेक मीणा बमोरी का अनशन विधायक बाबू जंडेल ने जूस पिलाकर खत्म करवाया। कॉलेज पहुंचे विधायक ने प्रिंसिपल ओपी शर्मा से चर्चा कर छात्र हित में जायज मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की जिस पर प्रिंसिपल ने आज आश्वासन दिया कि छात्रों की हर जायज मांगे पूरी की



जायगी। प्रिंसिपल के आश्वासन के बाद विधायक ने छात्र नेता को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया।

खबर संक्षेप

महानवमी पर रहेगा स्थानीय अवकाश

अशोकनगर। कलेक्टर द्वारा वर्ष 2026 के लिए संपूर्ण जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए थे। घोषित अवकाश के तहत 19 अक्टूबर 2026 महानवमी को संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश जिले के कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

14 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाई

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम खोरीबरी निवासी पिंकी उम्र 14 साल ने अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

धोखाधड़ी पूर्वक जमीन की रजिस्ट्री कराने पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत योगेश रघुवंशी निवासी गंजबासौदा जिला विदिशा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देवेन्द्र रघुवंशी निवासी काकाखेड़ी ने धोखाधड़ी कर फरियादी की भूमि को अपने लड़के शिवम व पत्नी ओमवती रघुवंशी के नाम रजिस्ट्री करा ली। जिस पर पुलिस ने धोखधड़ी का मामला दर्ज किया है।

धोखाधड़ी पूर्वक 40 हजार रुपए निकाले

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत मामादढ़ मोहल्ला निवासी शेलेन्द्र चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा फरियादी के बैंक खाते से 39998 रूपए ऑनलाइन माध्यम से निकालकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई श्री बालाजी महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा

पिपरई। नगर के रामलीला मैदान में आयोजित एक कुण्डात्मक पांच दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्री बालाजी महाराज प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के चतुर्थ दिवस धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्री बालाजी सरकार की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर पूरा यज्ञ स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया।वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और धार्मिक विधि-विधानों के साथ संपन्न हुए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

माता के दरबार में हर रोज बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

नवरात्रि पर जिले के शक्तिपीठ स्थल श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नवरात्रि महापर्व पर अशोकनगर जिले के शक्तिपीठ स्थल श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति के केंद्र बने हुए हैं। इन स्थानों पर श्रद्धालु भक्ति भाव से बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और माता के दर्शन कर आत्म शांति का अनुभव कर रहे हैं। यह शक्तिपीठ स्थल अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध स्थल है जहां हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। अशोकनगर से 8 किलोमीटर दूर प्राचीन ग्राम तूमैन में स्थित विंध्यवासिनी माता का मंदिर अत्यंत प्राचीन है यहां मां अपने स्वरूप में विराजमान है। इस स्थान पर पूरे वर्ष पर श्रद्धालु आते हैं। नवरात्रि पर्व के दिनों में यहां माता का दरबार श्रद्धालुओं से भरा रहता है। यहां अखंड ज्योति जलती रहती है और अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है।



तूमैन नगरी की माता विंध्यवासिनी माता का दरबार अपने आप में श्रद्धालुओं में आस्था भक्ति का केंद्र है। यहां नवरात्रि के दिनों में विशेष श्रद्धालुओं की संख्या देखी जाती है। यहां माता का हर रोज नया श्रृंगार किया जाता है। यह स्थान तूमैन गांव के इतिहास से जुड़ा है। जहां राजा मोरध्वज और उनके पुत्र तुंगध्वज देवी मां के दर्शन करने के लिए आया करते थे। इस स्थान की प्राचीनता इस नगरी की कहानी से जुड़ी है।

कदवाया की बीजासन माता आंखों की रोशनी बढ़ाने वाली हैं



इसी प्रकार जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर कदवाया में बीजासन माता का दरबार श्रद्धालुओं की भक्ति का केंद्र है। यहां हर वर्ष श्रद्धालु नवरात्रि पर बड़ी संख्या में पहुंचते है। अष्टमी और नवमी के दिन सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। यहां जवारे लेकर भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। बीजासन माता यहां की अत्यंत प्राचीन है और श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र भी है। यहां हर चतुर्दशी को मेला भी लगता है। कदवाया की माता नेत्र ज्योति को बढ़ाने वाली हैं। कहते हैं कि माता के दर्शन करने से श्रद्धालुओं की आंखों की रोशनी बढ़ती है और यहां श्रद्धालु माता के दरबार में इस तरह के कई प्रयोग सुनते हुए भी देखे जाते हैं। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आते हैं। कदवाया जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर है यहां चंदेरी और शिवपुरी से भी सड़क मार्ग से ही पहुंचा जा सकता है। यहां आने जाने के लिए एक मात्र सड़क की सुविधा है जो एक बार आता है वह माता के दरबार में बार-बार आता रहता है।

चंदेरी की जागेश्वरी देवी का प्रसिद्ध दरबार



चंदेरी की जागेश्वरी देवी भी प्रसिद्ध माता के दरबार में से एक है। यहां माता का दरबार अत्यंत प्राचीन है और चंदेरी के इतिहास से जुड़ा हुआ है। जागेश्वरी देवी स्थल में माता जागती हुई अवस्था में है इसलिए उनको जागेश्वरी देवी के नाम से जाना जाता है। यहां जागेश्वरी देवी के दरबार में श्रद्धालु पूरे वर्ष भर आते हैं। यहां पहाड़ पर माता विराजमान है इसलिए श्रद्धालु यहां सीढीओ से चढ़कर पहुंचते हैं और माता के दर्शन करते हैं। यहां कुंड भी बना हुआ है जो अत्यंत प्राचीन है। इस स्थान पर जाने के बाद लोगों को आत्मिक तुष्टि प्राप्त होती है। जल्द ही सरकार जागेश्वरी लोक का निर्माण भी यहां करने जा रही है। चंदेरी की माता के नाम पर हर वर्ष चंदेरी में जागेश्वरी देवी का मेला भी आयोजित किया जाता है। यहां एक कथा भी प्रचलित है जिसमें कहा जाता है कि राजा को देवी ने स्वपन में अपना रूप प्रकट किया था और बताया था कि वह इस स्थान पर प्रकट होना चाहती हैं। सात दिन तक दरवाजे न खोले जाएं लेकिन राजा ने जिज्ञासा बस तीसरे दिन ही द्वारा खोल दिया तब देवी का मुख ही प्रकट हो पाया था। एक कथा है यह भी है कि चंदेरी के राजा कूम ने जिन्हे कुष्ठ रोग था प्यास से व्याकुल होकर जलकुण्ड तलाशा यहां का जल पीते ही उनका रोग दूर हो गया था। तब एक दिव्य बाला दिखाई दी और राजा से स्वपन में कहा कि मैं शिशुपाल के यज्ञ स्थल पर प्रकट होना चाहती हूं। नौ दिन तक द्वार न खोलना पर राजा ने तीसरे दिन ही दरवाजा खोल दिया जिससे उनके मुख का ही निर्माण हो सका था।



नवरात्रि पर्व पर करीला की जानकी माता के दरबार में भी पहुंच रहे हैं श्रृद्धालु

जिले के प्रसिद्ध करीला धाम की जानकी माता भी नवरात्रि पर्व में श्रृद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बनीं हैं, यहां पूरे वर्ष श्रृद्धालु आते जाते हैं। यहां नवरात्रि के दिनों में भी श्रृद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती हैं, यहां लोग जानकी माता के दरबार में मन्नत मांगने आते हैं। यहां हर वर्ष रंगपंचमी पर भी एक बड़ा मेला आयोजित होता है जिसमें 20 लाख श्रृद्धालु पहुंचते हैं। करीला धाम जिले के प्रसिद्ध स्थलों में से एक है यहां जाने के लिए सड़क मार्ग की सुविधा है वैसे कोई स्थाई साधन नहीं हैं लोग अपने स्तर पर ही ऑटो या अन्य वाहन से करीला धाम पहुंचते हैं। इसके अलावा ईसागढ़ में हरसिद्धी माता का मंदिर भी उल्लेखनीय स्थानों में से एक है, यह स्थान नवरात्रि के दिनों में भी श्रृद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं, जिले में यह एक मात्र हरसिद्धी माता का मंदिर है। इसी प्रकार अशोकनगर कदवाया के बीच देवकानी माता का मंदिर भी प्रसिद्ध मंदिरों में एक है, यह स्थान अत्यंत प्राचीन है और जंगली इलाके में हैं, इस कारण श्रृद्धालु इस स्थान पर दिन में ही दर्शन करने पहुंचते हैं।

तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सेमलखेड़ी जैन तीर्थक्षेत्र में तोड़फोड़ समाजजनों ने घटना की निंदा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सिरोंज तहसील अंतर्गत जैन तीर्थक्षेत्र सेमल खेड़ी स्थित तारण गिरी की प्राचीन गुफा में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने और जैन समाज के आस्था के केंद्र ग्रंथराज 'श्री अध्यात्मवाणी जी' को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से स्थानीय श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज में रोष और दुख व्याप्त है। समाजजनों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में श्री तारण तरण दिगंबर जैन समाज बीना की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बीना के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया कि 9 और 10 अक्टूबर की दरमियानी रात स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा तारण गिरी स्थित प्राचीन गुफा को निशाना बनाया गया। यह गुफा परम पूज्य सद्गुरु श्री 108 तारण तरण स्वामी जी की तपोभूमि है, जिसका निर्माण एवं संरक्षण ट्रस्ट कमेटी द्वारा किया गया है।

दीवार तोड़कर गुफा में घुसे असामाजिक तत्व

समाज की ओर से दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आरोपियों ने संरक्षित प्राचीन क्षेत्र की दीवार तोड़ने के साथ ही गुफा के मुख्य द्वार का ताला भी तोड़ दिया। इसके बाद गुफा में विराजमान समाज के आस्था के केंद्र ग्रंथराज 'श्री अध्यात्मवाणी जी' को क्षतिग्रस्त किया गया। साथ ही वहां रखी दान पेटी से भी लूटपाट किए जाने का आरोप लगाया गया है। समाजजनों के अनुसार, यह घटना केवल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे समाज की धार्मिक भावनाओं और प्राचीन तीर्थक्षेत्र की पवित्रता को भी ठेस पहुंची है।

आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग

घटना को लेकर जैन समाज ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचीन धार्मिक स्थल हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। ऐसे स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं होना गंभीर विषय है। समाज ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि जैन तीर्थक्षेत्र सेमलखेड़ी की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही प्राचीन धार्मिक स्थलों और सामाजिक धरोहरों की सुरक्षा एवं पवित्रता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के अध्यक्ष राजेश समैया, सचिन समैया, नवीन समैया, शैलेंद्र समैया, राकेश समैया, प्रियंक समैया, शुभम समैया, अंकित समैया सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे। समाजजनों ने प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई कर दोषियों को दंडित करने की मांग की।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रातीखेड़ा निवासी बालकराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहन, रामपाल यशवर्धन और रिंकू यादव ने खेत पर मक्का चराने के विवाद पर से उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मोहन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बालकराम, भूरा और इन्द्रपाल यादव ने मक्का चराने के उपर स उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिनोतिया पछार निवासी भगवतसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविन्द्र यादव हिनोतिया पछार ने उससे मारपीट की। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी राधेश्याम योगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजाराम जाटव ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नावली निवासी सुनील लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नीतेश, बादाम, नंदराम और राकेश लोधी ने उससे मारपीट की। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढाकोनी निवासी शंभू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुद्धा आदिवासी ने उससे मारपीट की। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूसल्ला बुजुर्ग निवासी छोटू बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अर्जुन जाटव ने उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी मुन्नी बाई जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूनम जैन ने उससे मारपीट की।

दो स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

अशोकनगर। थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगभग 6-7 वर्षों से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि थाना बहादुरपुर द्वारा न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 219/2019 में फरार स्थाई वारंटी सुखविंदर सिंह पुत्र जैसा सिंह सिख, उम्र 40 वर्ष, निवासी बंगला चैराहा तथा प्रकरण क्रमांक 369/2020 में फरार स्थाई वारंटी मनीषा उर्फ मान कुंवर पत्नी धन सिंह गड़रिया, उम्र 31 वर्ष, निवासी बंगला चैराहा को गिरफ्तार किया। दोनों वारंटी पिछले लगभग 6-7 वर्षों से फरार चल रहे थे। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां न्यायालय के आदेश के पालन में दोनों को जेल दाखिल कराया गया।

पूरा शहर माता रानी की भक्ति में सराबोर, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बीना में शारदीय नवरात्रि की धूमः मां जागेश्वरी शक्तिपीठ पर सजा 56 भोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर इन दिनों पूरा शहर माता रानी की भक्ति में सराबोर है। जगह-जगह भव्य पंडाल सजाए गए हैं, जहां सुबह-शाम धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और पारंपरिक गरबा कार्यक्रमों की गूंज सुनाई दे रही है। इसी कड़ी में दुर्गा पंचमी के विशेष अवसर पर शहर के प्रसिद्ध कच्चा रोड स्थित मां जागेश्वरी शक्तिपीठ पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुए, जिसमें दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

महाआरती और 56 भोग का भव्य आयोजन- गुरुवार को दुर्गा पंचमी के मौके पर मां जागेश्वरी शक्तिपीठ को बेहद मनमोहक ढंग से सजाया गया। इस पावन अवसर पर मां का विशेष श्रृंगार किया गया और भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। आरती के बाद माता को 56 प्रकार के व्यंजनों (छप्पन भोग) का भोग लगाया गया। शक्तिपीठ पर गूंजते माता के जयकारों और आरती के अलौकिक दृश्यों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस धार्मिक अनुष्ठान में शक्तिपीठ के पुजारी लक्ष्मीकांत तिवारी, दिनेश पाठक, एडवोकेट सुरेंद्र यादव, डॉ. प्रकाश अग्रवाल, आलेख राय, मेहरबान सिंह, बृजेश अग्निहोत्री, संजय वाधवानी और राकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





आज सजेगी मनीष अग्रवाल की भजन संध्या

आयोजन समिति के निखिल पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व को और भी खास बनाने के लिए शुक्रवार शाम 7 बजे से मां जागेश्वरी शक्तिपीठ परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में देश-प्रदेश के प्रसिद्ध देवी भजन सम्राट मनीष अग्रवाल (मोनी बाबा) अपनी सुरीली आवाज से मां के दरबार में हाजिरी लगाएंगे। इस दौरान उनके द्वारा लोकप्रिय भजन अंगना पधारो महारानी मोरी शारदा भवानी... सहित कई अन्य मनमोहक देवी भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिसके लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

